दक्षणि-पूर्वी रेलवे ने बांग्लादेश को भेजी सातवीं ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में दक्षणि-पूर्व रेलवे ने दक्षणि-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के **राउरकेला से बांग्लादेश के बेनापोल** के लिये 7वीं ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन भेजी।

प्रमुख बदिु

- यह ट्रेन राउरकेला से 10 कंटेनरों में 186 टन लक्विडि मेडकिल ऑक्सीजन (एलएमओ) लेकर बांग्लादेश रवाना हुई।
- बांग्लादेश सरकार के अनुरोध पर कोवडि प्रभावति रोगियों के इलाज के लिये तरल चकित्सिा ऑक्सीजन की खेप भेजी जा रही है। बांग्लादेश के बेनापोल के लिये **पहली ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन 24 जुलाई को टाटानगर** से भेजी गयी थी।
- अब तक चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत टाटानगर और राउरकेला से सात ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें बांग्लादेश भेजी जा चुकी हैं। टाटानगर से 200 टन **लक्विडि मेडकिल ऑक्सीजन (LMO)** बांग्लादेश को भेजी जा चुकी हैं।
- गौरतलब है कि कोवडि प्रभावति रोगियों के इलाज़ के लिये ऑक्सीजन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये, दक्षणि-पूर्व रेलवे इस साल 23 अप्रैल से ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें चला रहा है ताकि कोवडि-19 से पीड़ति रोगियों के इलाज़ के लिये आवश्यक तरल ऑक्सीजन की त्वरति परविहन और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चिति की जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/south-eastern-railway-sent-seventh-oxygen-express-train-to-bangladesh